हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 जुलाई 2024

06 दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में एक की मौत...




07 हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान का विरोध कर...





खबर संक्षेप



## आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि आज से, आराधना में लीन होंगे भक्त

**नलखेड़ा।** आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि शनिवार से प्रारंभ होगी। इस वर्ष गुप्त नवरात्रि नौ के स्थान पर दस दिन की है। गुप्त नवरात्रि के इन दिनों में माता भक्त मां की आराधना में लीन रहेंगे। गुप्त नवरात्रि को लेकर मां बगलामुखी मंदिर परिसर व गर्भगृह को आकर्षक रूप से सजवाया जा रहा है। शनिवार 6 जुलाई से 15 जुलाई तक गुप्त नवरात्रि में सिद्धपीठ पर भक्तों द्वारा जप-तप कर माता रानी की आराधना की जाएगी। तांत्रिक स्थली होने से गुप्त नवरात्रि के नौ दिन तंत्र विद्या के लिए महत्वपूर्ण बताए जाते हैं। इन नौ दिनों में तांत्रिक कई प्रकार की सिद्धियां प्राप्त करते हैं। इस दौरान भक्त अपनी मनोकामना के लिए हवन अनुष्ठान भी करेंगे।

## जिले में 24 घंटों में 52.8 एमएम औसत वर्षा दर्ज

**नलखेड़ा।** जिले में शुक्रवार की सुबह 8 बजे तक बीते 24 घंटों में 52.8 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में तहसील आगर में 76 एमएम, बड़ौद में 60 एमएम, सुसनेर में 20 एमएम तथा नलखेड़ा 55 एमएम वर्षा दर्ज की हुई है। जिले में इस वर्ष मानसून अवधि में अब 167.9 एमएम औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जबकि पिछले वर्ष 135.8 एमएम औसत वर्ष दर्ज की गई थी। इस वर्ष सर्वाधिक वर्षा तहसील आगर 246.4 एमएम तथा सबसे कम वर्षा नलखेड़ा में 95 एमएम दर्ज हुई है तथा शेष दो तहसील बड़ौद एवं सुसनेर में क्रमशः 231 एमएम व 99 एमएम दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 899.9 एमएम है।

## सेवानिवृत्त फीडर कैलाश सोनी का निधन

**नलखेड़ा।** स्थानीय नगर पंचायत में वर्षों तक फीडर के पद पर पदस्थ रहकर सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए 67 वर्षीय कैलाश सोनी का शुक्रवार को निधन हो गया। वे गत कुछ माह से अस्वस्थ थे। स्व कैलाश सोनी की अंतिम यात्रा उनके निज निवास जायसवाल कॉलोनी से निकाली गई। मुक्तिधाम पर उनके पुत्रों व परिजनों द्वारा मुखाग्नि दी गई।



**समस्या :** अवैध कॉलोनियों में पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने का डर

# खाली पड़े प्लाटों में जमा होने लगा बारिश का पानी, रहवासी परेशान

लोगों का कहना है कि प्लाटों के मालिक और अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाइजरों को यहां से पानी निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बरसात के शुरू होते ही नगर में खाली पड़े प्लाटों और अवैध कॉलोनियों में जगह-जगह पानी भरने लगा है। पानी के जमा होने से इनमें मच्छर और जहरीले जीव-जन्तु पनपने का डर आसपास के लोगों को बना हुआ है। वहीं अवैध कॉलोनियों में पानी भरने से कॉलोनी में रहने वाले लोगों को वहां से निकलने में भी परेशानी हो रही है।

नगर की अवैध कॉलोनियों और खाली पड़े प्लाटों में कई जगहों पर पानी भरने लगा है, इन प्लाटों और अवैध कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है, जिससे यह पानी बरसात के बाद भी महीनों तक भरा रहता है। इस पानी के जमा होने से इनमें मच्छर, सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जानवर पनपेंगे।

यह जहरीले जानवर आसपास के घरों में घुसेंगे और लोगों को नुकसान पहुंचाएंगे। लोगों का कहना है कि प्लाटों के मालिक और अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाइजरों को यहां से पानी निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे मच्छरों और जहरीले जानवरों के पनपने की संभावना दूर हो सके।

**कीचड़ होने से वाहन चालक हो रहे परेशान, अक्सर होते हैं हादसे**



**सीहोर।** पानी निकासी की व्यवस्था न होने से प्लाट में भरा पानी।

### मच्छर पनपने से बढ़ेगा मलेरिया का खतरा

जगह-जगह पर पानी जमा होने से इनमें मच्छर पनपेंगे, जिससे लोगों में तेजी से बीमारियां फैलेंगी। इनमें सबसे ज्यादा मलेरिया के फैलने का डर बरसात और उसके बाद भी बना रहेगा। इसके अलावा पानी के जमा होने पर इसमें से गंदी बदबू आने लगती है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है। इसलिए लोगों को इन मच्छरों से सावधान रहना होगा और नगर पालिका को भी खाली पड़े प्लाटों में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए दवाई का छिड़काव कराना पड़ेगा।

### पक्के रास्ते नहीं होने से हो रही कीचड़

नगर में कई अवैध कॉलोनियां बनी हुई हैं। इनमें अभी तक पक्के रास्ते नहीं बनाए गए हैं। इस वजह से बरसात का पानी मिट्टी वाले रास्तों से निकलता है, तो मिट्टी गीली हो जाती है, जिससे दो पहिया वाहनों के के फिसलने के डर बना रहता है। गीली मिट्टी पर वाहनों के फिसलने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह कॉलोनियां नगर में सालों से बनी हुई है और हर साल इनकी तादात बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### नाली नहीं होने से परेशानी

इन अवैध कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वहीं नाली नहीं होने से बारिश का पानी सड़कों और खाली पड़े प्लाटों में जमा हो जाता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है।

## तहसील क्षेत्र में 24 घंटे में हुई दो इंच से अधिक वर्षा, खिले किसानों के चेहरे



**नलखेड़ा।** मानसून की पहली बारिश में ही नगर सहित तहसील क्षेत्र तरबतर हो गया। 24 घंटे में हुई दो इंच से अधिक बारिश के बाद शुक्रवार को किसानों द्वारा बोवनी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। तहसील क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे में 55 मिमी (2.16 इंच) बारिश दर्ज की गई। जिसे मिलाकर शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 95 मिमी (3.74 इंच) बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि इस वर्ष तहसील में मानसून की झमाझम बारिश नहीं हुई थी। गुरुवार को दोपहर बाद प्रारंभ हुई बारिश रात 10 बजे तक जारी रही। गुरुवार को हुई अच्छी बारिश के बाद जिन किसानों द्वारा खरीफ फसल की बोवनी नहीं की गई थी उन्होंने शुक्रवार को बोवनी प्रारंभ कर दी गई। वहीं जिन किसानों ने पूर्व में बोवनी कर दी थी उन फसलों को इस बारिश से जीवनदान मिल गया है। शुक्रवार को भी दोपहर बाद रुक रुक कर बारिश का दौर चलता रहा।



# प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 जारी किया गया है। निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटीरहित बनाने के लिए जिले में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों को प्रशिक्षण शुक्रवार को नगर पालिका आगर, बड़ौद, कानड़ तथा सभी जनपद पंचायतों में आयोजित कर मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदाता सूची के शुद्धीकरण प्राधिकृत अधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत करवाकर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर प्रो. सुशील कटारिया, रजनीश स्वर्णकार द्वारा दिया गया।



## वन अमले ने सागौन की सिल्लियों सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भैरुंदा।** लाडकुई वन अमल ने एक बोलोरो पिकअप सहित 14 नग सागौन की सिलियां जब्त कर दो आरोपियों को वन विभाग ने हिरासत लिया है।

लाडकुई वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कोसमी से भेरूंदा रोड पर छिदगाव मोजी बीजला बजरंग मन्दिर के पास से एक बोलेरो पिकअप में सागोन लेकर जाने की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंच कर एक बोलेरो पिकअप सागौन की सिल्लियां भरकर लेकर जा रही है। तभी वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचे और वहां पर एक बोलेरो पिकअप जब्त किया गया। जिसकी कीमत साथ लाख 50 हजार 14 नग सागौन की सिल्लियां जिसकी कीमत 50 हजार अधिक बताई जा रही है। जब्त वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय में लाकर खड़ा कर राजस्व कार्रवाई की जा रही है।



# लंबे समय से जमे माइनिंग इंस्पेक्टर को हटाया गया लगातार शिकायतें मिलने के बाद भोपाल किया अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में नर्मदा नदी से रेत के अवैध खनन और परिवहन के मामले लगातार सामने आने के बाद गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया गया। लंबे समय से सीहोर में पदस्थ खनिज निरीक्षक संतोष सूर्यवंशी को हटाकर संचालनालय भोपाल अटैच कर दिया गया है। उनके खिलाफ लगातार अनियमितताओं की शिकायत मिल रही थी। कई लोग उनकी शिकायतें शीर्ष स्तर पर लेकर पहुंचे थे। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

सीहोर जिले में बुधनी, भेरूंदा क्षेत्र में नर्मदा से लगातार रेत का अवैध खनन हो रहा है। एनजीटी की रोक के बाद भी पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से नर्मदा नदी से रेत निकाली जा रही है। ऐसे मामलों के लगातार सामने आने के बाद शासन ने सख्त कार्रवाई की। सीहोर जिले में खुलेआम रेत का अवैध कारोबार हो रहा है। प्रशासन ने 28 मई को ग्राम डिमावर तहसील भैरूंदा से 4 पोकलेन मशीन, ग्राम सोमलवाडा तहसील बुधनी से 2 पोकलेन मशीन रेत खनन करते हुए जब्त की थी। रेत के ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर 17 डंपर जब्त किए थे। हालांकि यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन ही चली।



## मीटर से छेड़छाड़ करने पर हो सकता है कारावास

**सीहोर।** यदि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर, उपाय एप एवं ऑनलाइन वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिजली वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की माकूल व्यवस्था की गई है।

# सड़क पर अंधेरे में बैठे रहते हैं आवारा मवेशी, लगातार हो रहे सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की तंग गलियों और हाइवे के चौड़े रास्तों पर खुले घूम रहे आवारा मवेशी लोगों की जान पर मुसीबत बने हुए हैं। शहर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं।

कई बार ये पशु सड़कों पर दौड़ने लगते हैं तेज रफ्तार गाड़ियों के सामने आ जाने से हादसे की आशंका बन जाती है। वहीं पैदल चल रहे राहगीरों के लिए भी खासी परेशानी होती है। दरअसल, जब कोई राहगीर इसके सामने से या पास से निकलता है तो यह एकदम से उस पर हमला कर घायल कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला शाजापुर से सामने आया है। जहां आवारा मवेशियों के चक्कर में श्रद्धालुओं से भरा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। वहीं ये मवेशी सूने घरों और दुकानों में घुसकर नुकसान कर जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।



**प्राचीन मरीह माता मंदिर में आस्था के साथ मनाई जाएगी गुप्त नवरात्रि**

# गुप्त नवरात्र इस बार 10 दिन के रहेंगे, छह जुलाई से प्रारंभ होकर 15 को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्त शती का पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण के अलावा कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, रोहित मेवाड़ा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, पप्पू सेन सहित अन्य ने यहां पर देवी मां का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर सुबह हवन पूजन के अलावा सुबह और शाम को आरती का आयोजन किया जाएगा।



आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 6 जुलाई से गुप्त नवरात्र शुरू हो रहे है, जो 15 जुलाई तक रहेंगे। इस बार गुप्त नवरात्र 10 दिन के मनाए जाएंगे। तृतीय तिथि की वृद्धि होने से नवरात्र के दिनों में बढ़ोतरी हुई है। 6 जुलाई को सुबह 4:27 बजे से प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो जाएगी। नवरात्र के दौरान विशेष योग भी रहेंगे। वैसे तो वर्ष में चार बार नवरात्र आते है। चैत्र शुक्ल और आश्विन शुक्ल को प्रकट रूप में नवरात्र मनाते है।

वहीं, आषाढ़ शुक्ल व माघ शुक्ल पक्ष में गुप्त रूप से नवरात्र मनाए जाते हैं। इस दौरान गुप्त स्थल पर बैठकर या गुप्त तरीके से खास तरह की सिद्धि प्राप्ति के लिए माता रानी की साधना की जाती है। इस दौरान 10 महाविद्याओं की पूजा अराधना की जाती है। पंडित श्री दुबे ने बताया कि महाकाली, तारादेवी, त्रिपुरसुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्तिका, त्रिपुराभैरवी, धुमावती, बगलामुखी, मातंगी, मां कमलादेवी का गुप्त नवरात्र में तांत्रिक साधना और कठिन व्रत का महत्व होता है। इन नवरात्र के दौरान साधक आत्मिक इच्छाओं की पूर्ति, सिद्धि व मोक्ष के लिए प्रार्थना करते हैं। व्यवस्थापक श्री मेवाड़ा ने बताया कि प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में लंबे समय से पूजा-अर्चना करते हुए आ रहे है। हिंदू धर्म शास्त्रों में कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती हैं। एक गुप्त नवरात्रि माघ और दूसरी आषाढ़ के महीने में पड़ती है। इस समय असाढ़ माह चल रहा है और साल की पहली गुप्त नवरात्री इसी माह में होगी। गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के उपासक गुप्त तरीके से पूजा उपासना करते हैं। आषाढ़ माह में पडऩे वाले गुप्त नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है। इस साल गुप्त नवरात्रि का प्रारम्भ छह जुलाई से शुरू होगा, जिसका समापन 15 जुलाई को होगा।

# 7 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो यूजी कोर्स में नहीं मिल पाएगा एडमिशन

**कॉलेजों में अब तक आधी सीटें भी नहीं भरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 7 जुलाई को बंद हो जाएंगे। यह सीएलसी का पहला लेकिन एडमिशन का आखिरी राउंड है। जो छात्र रजिस्ट्रेशन नहीं कराएंगे, उन्हें यूजी कोर्स में प्रवेश नहीं मिलेगा। बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए सहित अन्य कोर्स में एडमिशन के लिए मई में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हुई थी।

दो राउंड पूरे हो चुके हैं, लेकिन जिले के शासकीय और प्राइवेट कॉलेजों में से अधिकांश कॉलेजों में आधी सीटें भी नहीं भरी हैं। हालांकि पीजी कोर्स में एडमिशन ज्यादा हो रहे हैं। बता दें कि यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन 7 जुलाई को बंद हो जाएंगे। 13 जुलाई को सीएलसी राउंड की लिस्ट आएगी। ऐसे में तय समय में विद्यार्थियों को फीस जमा करना होगी। कॉलेज हर दूसरे दिन अपडेट लिस्ट ऑनलाइन और ऑफलाइन जारी करेंगे।

### इधर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन कार्यक्रम आगे बढ़ा

जिला मुख्यालय सहित प्रदेशभर में शुरु किए गए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन कार्यक्रम भी आगे बढ़ गया है। पहले 1 जुलाई को इन कॉलेजों का उद्घाटन होना था, लेकिन तैयारियां पूरी न होने की वजह से अब यह आगे टल गया है। फिलहाल इसकी नई तारीख जारी नहीं की गई है। सीहोर जिला मुख्यालय स्थित लीड कॉलेज चंद्रशेखर आजाद स्मृति शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय को भी पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है।

## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनाओं के खाते में डाली राशि

**देवास।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना की राशि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाड़ली बहना के हितग्राहियों को गैस रिफिल अनुदान राशि तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को राशि का किश्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एनआईसी कक्ष देवास से देखा गया। इस दौरान एनआईसी कक्ष में एसडीएम बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, महिला बाल विकास अधिकारी रेलम बघेल और योजनओं के हितग्राही उपस्थित थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ यादव ने देवास जिले की 02 लाख 90 हजार 78 लाड़ली बहनाओं के खाते में 35 करोड़ 43 लाख 46 हजार 900 राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में जिले के 01 लाख 63 हजार 856 किसानों के खाते में 32 करोड़ 77 लाल 12 हजार रूपये अंतरित किये। जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 01 लाख 10 हजार 732 हितग्राहियों के खातों में 66 करोड़ 43 लाख 09 हजार 200 रुपए अंतरित किये। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में देवास जिले के 01 लाख 21 हजार 402 हितग्राहियों के खातों में 91 लाख 41 हजार 305 रुपए की गैस रिफिल अनुदान राशि अंतरित की।

### स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

**चापडा।** एक पौधा मां के नाम पौधरोपण अभियान के अंतर्गत पुर्व जनपद सदस्य दुलीचंद पाटीदार (सकलेचा) की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष में जनपद सदस्य आशीष पाटीदार के द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अवलदा में पौधरोपण किया गया व छात्र-छात्राओं को पुस्तक भेंट की गई। इस दौरान पौधों की देखभाल का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य जीवन सिंह सेंधव, पूर्व सरपंच राधाबाई, शिक्षक दीपक बम, बलराम खराडिया, अजय वर्मा, नितेश पाटीदार, गिरधारी एवं सभी स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

### एएसपी, सीएसपी सहित आधा दर्जन थानों के बल ने घेराबंदी कर की कार्रवाई

# दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में एक की मौत, आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कुणाल हत्याकांड के आरोपियों का पुलिस ने 48 घण्टे के भीतर ही किया पर्दाफाश,दोनो पक्षो के 8 लोगों को 2 पिस्टल के साथ लिया हिरासत में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिले में शुक्रवार को जवाहर नगर क्षेत्र में गोली मारकर हुई कुणाल उर्फ चीकू बैरागी की हत्या के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अमरेश प्रसाद सहित एक अन्य आरोपी भावेश दोनों निवासी देवास को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अमरेश प्रसाद राजस्थान भागने की फिराक में था। मामले में आरोपी के अन्य दो साथियों की भूमिका की जांच की जा रही है। एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि आमरेश और शैलेंद्र पवार दोनों पहले दोस्त थे और साथ में दोनों आरोपी भी रहे हैं। दोनों में वर्चस्व को लेकर और लेनदेन को लेकर मतभेद हो गए और दोनों आपस में रंजिश रखने लगे उसी के चलते दोनों गुट के लोग आपस में रंजिश रखते थे। गोलीकांड के सम्बन्ध में शुक्रवार को एसपी सम्पत उपाध्याय ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, सीएसपी दिशेष अग्रवाल सहित आधा दर्जन थानों के बल ने घेराबंदी कर कार्रवाई की। दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में एक की मौत के बाद पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कुणाल हत्याकांड के आरोपियों का पुलिस ने 48 घण्टे के भीतर ही पर्दाफाश किया। दोनो पक्षो के 8 लोगों को 2 पिस्टल के साथ हिरासत में लिया। दरअसल दो दिन पूर्व शहर के जवाहर नगर में दिन दहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले को लेकर फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध का प्रकरण को विवेचना में लिया था। गोलीकांड के बाद कुछ लोगो ने घटना के मुख्य आरोपी के घर पर तोडफ़ोड़ कर दी और आरोपी की पत्नी पर जानलेवा हमला भी कर दिया था। इस मामले में आरोपी की पत्नी ने कोतवाली थाने पर कुछ लोगो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस अपराध में भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने प्रकरण का खुलासा करते हुए बताया की 3 जुलाई को जवाहर नगर में अमरेश प्रसाद ने कुणाल बैरागी उर्फ चीकू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी उसके अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम देकर वहा से फरार हो गया था। कोतवाली थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। पुलिस ने 2 टीम गठित की थी, साक्ष्य एकत्रित करने के लिए एफएसएल टीम ने निरीक्षण किया था।

मुखबिर से सूचना मिली थी की मृतक कुणाल जवाहर नगर आने से पहले जेल में अपने कुछ साथियों के साथ गया था। पुलिस ने टीम के साथ जवाहर नगर से जेल तक लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए थे। 4 जुलाई को सूत्रों से जानकारी मिली की अमरेश बायपास पर खड़ा है और राजस्थान फरार होने की सूचना है। पुलिस सूचना पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया की 3 जुलाई को हत्याकांड से पूर्व जेल में आरोपियों के बीच विवाद हुआ था। नाहर दरवाजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों से पुलिस ने 2 पिस्टल और 8 जिंदा राउंड जब्त किए है। घटना के मुख्य आरोपी अमरेश और शैलेंद्र पवार अच्छे दोस्त थे। दोस्त रहते हुए अपराधी भी रहे हैं। दोनो के बीच वर्चस्व और रुपयों के लेनदेन को लेकर आपसी मतभेद बढ़ गए थे। जिससे दोनों लोगो के गुट के सदस्य आपस में रंजिश रखते थे।




#### हत्याकांड के बाद क घर पर हुई तोड़फोड़

3 जुलाई को कुणाल को गोली लगने के बाद उसके कुछ साथी उसे एपेक्स हॉस्पिटल लेकर गए थे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। गोलीकांड के बाद शैलेंद्र सिंह पवार, आनंद मंसारे, कपिल थीटे, शुभम चौहान, रोहित सूर्यवंशी, पंकज खाटवा, मोनू त्यागी, सोनू उर्फ भास्कर त्रिवेदी सहित अन्य दो लोगो ने आरोपी अमरेश के घर जाकर हत्याकांड का बदला लेने की नियत से तोडफ़ोड़ कर उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया था। कोतवाली थाने पर अमरेश की पत्नी ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया था। इस घटना में सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## महिला ने कॉलोनाइजर पर लगाया रेप का आरोप

**हनीट्रेप मामले में आया नया मोड़**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दो दिन पूर्व एक कॉलोनाइजर की शिकायत पर नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने हनीट्रेप का अपराध दर्ज किया था। इस मामले में नया मोड़ सामने आया जहां पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती है, उसके साथ कॉलोनाइजर ने शादी का वादा कर कई बार दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि उसके पति से कॉलोनाइजर ने तलाक लेने के लिए मजबूर किया था। अब वह पुलिस से न्याय की गुहार लगा रही है। वहीं इस मामले को लेकर कॉलोनाइजर का कहना है कि महिला ने जो आरोप लगाए है वह निराधार है।

चार दिन पूर्व नाहर दरवाजा थाने पर भाजपा पार्टी से जुड़े नेता व कॉलोनाइजर गौरव जैन भोमिया ने एक महिला के विरुद्ध हनीट्रेप का अपराध नाहर दरवाजा थाने पर दर्ज करवाया था। पुलिस ने गत 1 जुलाई को गौरव जैन की रिपोर्ट पर धारा 389 के तहत अपराध दर्ज किया था। कॉलोनाइजर ने गौरव जैन ने पुलिस को बताया था कि महिला रुपयों की मांग कर ब्लैकमेल कर रही थी। महिला ने 13 लाख रुपए लिए है। इस मामले में अब नया मोड़ सामने आया है जहां महिला ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी है। महिला ने बताया कि गौरव जैन ने शादी का वादा करते हुए उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। गौरव जैन ने उसके पति से तलाक लेने के लिए भी मजबूर किया था।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी एक मामले में कोतवाली थाने पर एक भाजपा नेता पर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज हो चुका है। महिला ने बताया कि गौरव जैन भोमिया की कॉलानी नवरत्न हैरिटेज और रुद्राक्ष कॉलोनी का काम करती थी वहां पर प्लॉट का विक्रय करने की मार्केटिंग करती थी। महिला का कहना है कि जैन ने मुझसे शादी।का वादा किया था लेकिन मेरे विरुद्ध हनीट्रेप का झूठा प्रकरण नाहर दरवाजे थाने पर दर्ज करा दिया।

मामले में नाहर दरवाजा थाना टीआई मंजू यादव ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया हैं। फरियादी गौरव जैन ने बताया कि महिला उसे कई दिनों से परेशान कर रही थी, फ़ोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दे रही थी जिसकी एवज में महिला द्वारा रुपयों की मांग की।गई थी फरियादी ने कुछ पैसे भी महिला को दिए है।

## अतिक्रमण हटाने दुकानदारों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

चापड़ा चौराहे के चारों और मार्ग पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाना है, जिसके संबंध में सभी दुकानदारों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं।पुर्व में चारों मार्ग पर अतिक्रमण के दायरे में आने वाली जगह को चिन्हित किया गया था, जिसके बाद शुक्रवार को सभी को अतिक्रमण हटाने को लेकर राजस्व विभाग की टीम व्दारा लगभग 117 लोगों को नोटिस दिए गए। हालांकि अभी बागली हाटपिपल्या मार्ग के नोटिस देना शेष है। इंदौर नेमावर रोड पर 40 फीट एवं हाटपिपल्या बागली मार्ग पर 35 फीट के दायरे का अतिक्रमण हटाया जाएगा। बुधवार को व्यापारी एसोसिएशन कि बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन उसका भी कोई हल नहीं निकला। जो सूचना पत्र प्रशासन द्वारा जारी किया गया है उसमें तीन दिवस का समय दिया गया है, जिसमें संबंधित व्यक्ति को अपना अतिक्रमण हटाना है। यदि वह तीन दिवस में अपना अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाता है तो प्रशासन कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाएगा। कार्यवाही से छोटे दुकानदार एवं फल फ्रूट विक्रेताओं को अधिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। बारिश में यदि कार्यवाही होती है तो व्यापारियों को परेशानी होगी।



## अमरपुरा में मारुति वैन को लोडिंग वाहन ने मारी टक्कर, दो घायल



**चापडा।** इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित अमरपुरा में गुरुवार शाम को एक मारुति वैन को एक लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें दो व्यक्ति घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि मारुति वैन मातमोर से चापडा की ओर आ रही थी,उसी दौरान एक अज्ञात लोडिंग वाहन ने वैन में सामने से टकर मार दी। घायल मातमोर निवासी बताए जा रहे हैं, जिन्हें निजी वाहन से उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उक्त वाहन हादसे के बाद मौके से फरार हो गया था ।

## संस्कार भारती की साधारण सभा हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरुवार को रंगमंच एवं ललित कला के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती देवास की वार्षिक साधारण सभा प्रान्त अधिकारी राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रान्त अधिकारी प्रकाश पवार, प्रफुल्ल गहलोत, कविता सिसोदिया भी उपस्थित रहे। अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, राजकुमार वर्मा ने सस्वर संस्कार भारती गीत प्रस्तुत किया। अतिथि परिचय उपरान्त उमेश जोशी द्वारा वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का वाचन किया गया। वित्तीय स्थिति का वाचन उपकोषाध्यक्ष रोहित सोनी ने किया जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान कर ओम के उच्चारण से मंगल घोष किया। मनोरमा अशोक सोलंकी ने अपने समाप्त होते अध्यक्षीय कार्यकाल पर सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते निर्वाचित होने वाली नवीन कार्यकारिणी के प्रति शुभकामना व्यक्त की। निर्वाचन अधिकारी देवकृष्ण व्यास की अनुमति से अरुणा राधेश्याम सोनी को अध्यक्ष पद हेतु प्रस्ताव मनोरमा अशोक सोलंकी ने किया तथा प्रस्ताव का समर्थन माधवानंद दुबे व अशोक शर्मा ने किया। जिस पर सर्वसम्मति से अरुणा राधेश्याम सोनी को संस्कार भारती देवास का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रंगभरी काशिव, उपाध्यक्ष प्रफुल्लसिंह गहलोत, धनंजय गायकवाड़, अशोक शर्मा तथा महामंत्री रोहित सोनी, सह महामंत्री राजकुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल काशिव, उपकोषाध्यक्ष सुमित जोशी, मंत्री रोहित सिंह गुर्जर, कलाकुंज भारती संयोजक कविता सिसोदिया, मातृ शक्ति संयोजिका श्रेया चौबे, चित्रकला संयोजक आशा सोनी, साहित्य विधा संयोजक माधवानंद दुबे को बनाया गया।

कार्ययोजना अशोक शर्मा ने प्रस्तुत की। नवीन अध्यक्ष अरुणा राधेश्याम सोनी व नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अन्त में आभार रोहित सिंह गुर्जर ने माना।

## जूनियर चैंपियनशिप के खिलाड़ियों को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला मिनी गोल्फ संगठन के अध्यक्ष स्वप्निल जैन एवं सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप मैं मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार स्वर्णिम सफलता प्राप्त की। खिलाड़ियों का सम्मान मिनी गोल्फ संगठन के तत्वावधान में पद्मजा हाई सेकंडरी स्कूल में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर कोमल जैन, पंकज वर्मा, स्वप्निल जैन, अनिल श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। खिलाड़ियों की सफलता पर मनोज राजानी, चंद्रपाल सोलंकी, राजीव श्रीवास्तव, विक्रम अवार्डी रागिनी चौहान, योगेश द्विवेदी, रूपचंद पाटीदार, पवन यादव ,भरत विश्वकर्मा, आरती कुशवाहा, शशिकांत आदि ने बधाई दी।टीम इवेंट जूनियर में हर्ष सोनी स्वर्ण पदक, डबल्स जूनियर में अमित चौहान कांस्य पदक, डबल्स जूनियर में राधिका राठौर स्वर्ण पदक, डबल्स जूनियर में खुशी स्वर्ण पदक,टीम इवेंट सब जूनियर में वैष्णवी बंसोड़ स्वर्ण पदक, टीम इवेंट सब जूनियर में कनक जैन स्वर्ण पदक, मिक्स डबल्स सब जूनियर में आभा बैरागी स्वर्ण पदक, डबल्स सब जूनियर में प्रिया वर्मा स्वर्ण पदक,डबल्स सब जूनियर में रिद्धिमा राठौर कांस्य पदक, टीम इवेंट सब जूनियर में प्रथम मालवीय स्वर्ण पदक, टीम इवेंट सब जूनियर में सिद्धार्थ मंडलोई स्वर्ण पदक हासिल किया।

### कलेक्टर गुप्ता की उपस्थिति में नए कृषि योग्य ड्रोन का हुआ शुभारम्भ

# कीटनाशक, खाद के छिड़काव में काम आएगा ड्रोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा में इफको कंपनी द्वारा दिए गए ड्रोन का शुभारंभ कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान ड्रोन पायलट द्वारा खेत में ड्रोन का सफल परीक्षण किया गया। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कृषकों से ड्रोन के माध्यम से कम पानी एवं कम समय में खेतों में कीटनाशक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, का छिड़काव करने संबंधी जानकारी दी।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर भार्गव द्वारा जल उपयोग एवं खेती की नवीनतम तकनीक की जानकारी किसानों को दी गई। डॉ महेंद्र सिंह द्वारा सोयाबीन फसल में लगने वाले कीट एवं खरपतवार नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी गई। कृषि अभियांत्रिकी से अंशुल बारोड़ ने ड्रोन एवं कृषि में लगने वाले उपकरणों में शासन द्वारा मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तार से बताया। कृषि अधिकारी लोकेश गंगराड़े ने किसानों को मिलने वाली सुविधा एवं सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। इफको से पाटीदार ने बताया कि देवास में शुभम कृषि सेवा केंद्र गुरु गंगदास फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, मां बगलामुखी कृषि सेवा केंद्र एवं बागली से सार्थक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को इफको कंपनी द्वारा ड्रोन दिए गए। कार्यक्रम में शुभम नागर, जगदीश नागर, धर्मेंद्र सिंह राजपूत एवं बरोठा के कृषकगण उपस्थित थे।




## संकुल स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पर्यटन क्विज प्रतियोगिता हेतु महारानी राधा बाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में अशासकीय हाई सकूल और हायर सेकंडरी स्कूलों की संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्विज मास्टर आयुषी पंड्या ने बताया कि कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकतें हैं। सर्वप्रथम विद्यालय में तीन विद्यार्थियों का चयन करके एक शिक्षक को प्रभारी नियुक्त करना होगा। इसके बाद पर्यटन विभाग की लिंक ओपन कर संस्था का इस प्रतियोगिता हेतु पंजीयन करना होगा।

पंजीयन पश्चात इसका एक प्रिंट निकालकर परीक्षा दिवस को टीम के साथ परीक्षा स्थल महारानी चिमनाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में प्रस्तुत करना होगा। क्विज मास्टर ने बताया कि 27 जुलाई को क्विज प्रतियोगिता दो चरणों लिखित और मल्टी मीडिया में होगी। क्विज नोडल रूचि व्यास, प्राचार्य महारानी चिमनाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास ने जानकारी दी कि प्रत्येक विद्यालय के तीन विद्यार्थियों की टीम को लिखित परीक्षा हेतु एक ही प्रश्न पत्र मिलेगा जिसे तीनों मिलकर हल करेंगे। लिखित परीक्षा की टॉप 6 टीमें दूसरे चरण के आडियो वीडियो राउंड में सम्मिलित होंगी। संकुल प्राचार्य राजश्री काले ने बैठक में बताया कि प्रत्येक विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में पंजीयन अवश्य कराये। छात्र हित की योजनाओं को प्राथमिकता दें। यदि आपके विद्यालय की टीम का चयन दूसरे राउंड के लिए होता हे तो उन्हें निश्चत रूप से प्रदेश के किसी पर्यटन सथल पर जाने ओर ठहरने का निशुल्क अवसर प्राप्त होगा। बैठक संयोजक रविन्द्र वर्मा और रूपचंद यादव थे। आभार प्रसून पंड्या ने माना।

## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में दी जाएगी उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा

**सीहोर।** सीएम राइज विद्यालय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका मुख्य लक्ष्य अनुकरणीय रूप से बच्चों के सीखने की प्रक्रियाओं को निर्धारित करना, विद्यार्थियों की सीखने की निरंतरता और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच सहज जुड़ाव है। सीएम राइज स्कूल विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास का विजन एवं विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के मिशन के साथ साहसी, उत्कृष्ट, सत्य निष्ठ तथा सभी के प्रति सम्मान और करूणा से युक्त विद्यार्थियों को गढ़ेगा। विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना सीएम राइज स्कूलों में उच्च गुणवत्तायुक्त विश्व-स्तरीय आधारभूत संरचना के साथ स्मार्ट क्लास में शिक्षा दी जायेगी। इन स्कूलों में पाठ्येत्तर गतिविधियों जैसे- संगीत, नृत्य, कला, खेल, व्यायाम एवं अन्य शिल्प के लिए आवश्यक उपकरण एवं सुसज्जित स्थान होंगे। विश्व-स्तरीय सर्वसुविधायुक्त भवन, किचन एवं कैफेटेरिया व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा, कौशल विकास शिक्षा, स्मार्ट एवं डिजिटल कक्षाएँ, पूर्ण समृद्ध आधुनिक प्रयोगशालाएँ, लाइब्रेरी, कला-संगीत, खेलकूद आदि की व्यवस्था होगी। नर्सरी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा, व्यावसयिक शिक्षा एवं नीट, क्लेट, जेईई आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जायेगी। यह ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की विशेषताओं को पहचान कर शिक्षित किया जाएगा।

## श्यामपुर और दोराहा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

# हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान का विरोध कर जलाया राहुल गांधी का पुतला

सरकार द्वारा मिलने वाली 50 हजार की अनुग्रह राशि के ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर/दोराहा



भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर राहुल गांधी का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया और कहा कि श्री राहुल गांधी ने सदन में हिंदू को हिंसक बताकर समूचे हिंदू समाज का घोर अपमान किया और हिंदू समाज को नीचा दिखाने का काम किया है। कार्यकर्ताओं ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए श्यामपुर तहसील चौराहे से बस स्टैंड तक विरोध रैली निकालकर श्यामपुर बस स्टैंड पर राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण मातावाले विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार, मंडल महामंत्री रामस्वरूप मालवी य श्यामपुर सरपंच नवीन चौहान दिनेशपाटीदार, भारतीय जनता पार्टी के व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संजय पाटीदार, सरपंच अजय ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश कोली, मंडल महामंत्री राजकुमार मेवाड़ा जगदीश पाटीदार, कैलाश पाटीदार, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मनीष लोणारे, राजेंद्र हाड़ा, नवदीप श्रीवास्तव, राहुल माली, बालमुकुंद, गोलू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### दोराहा में भी हुआ विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी द्वारा समस्त हिंदु समाज को लेकर विवादित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्यवादी कहा। भारतीय जनता पार्टी दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि इस विवादित बयान को लेकर हिंदू समाज के साथ भारतीय जनता पार्टी बहुत ही आहत है। उनकी इस मानसिकता से यह प्रतीत होता है कि उनके हृदय में हिंदुओं के प्रति द्वेष भावना भरी हुई है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी हमेशा से ही जातिवाद का मुद्दा बनाकर ही लोगों को गुमराह करते आए हैं। लोकसभा में उन्होंने सामाजिक बात करके यह सिद्ध कर दिया कि वह स्वयं देश के विकास के विषय में कुछ नहीं चाहते। लेकिन आम जनता उनकी इस मनसा को समझ चुकी है। सीहोर विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में बुधवार को दोपहर 12 भारतीय जनता पार्टी दोराहा मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं ने



एकत्रित होकर राहुल गांधी का पुतला फूंका और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के इस विवादित बयान की घोर निंदा की।

# 11 अगस्त को देवास में होगा परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन एवं मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज देवास के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त 2024 को प्रातः 9 बजे से अर्गस गार्डन देवास पर स्वर्णकार समाज के सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश सचिव देवीलाल सोनी एवं मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सोनी पांचम ने देते हुए बतलाया कि परिचय सम्मेलन में पुरे देश भर से हज़ारों समाज बंधु एंव प्रत्याशी हिस्सा लेंगे। तथा स्वर्णकार समाज की देश भर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रमुख राजनीतिक हस्तियां कार्यक्रम में अतिथि रहेंगे जिनके द्वारा परिचय पत्रिका का विमोचन किया जाएगा जिसके पश्चात प्रत्याशियों को परिचय पत्रिका का निशुल्क वितरण होगा। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से संगठन द्वारा प्रत्याशियों को मंच पर आकर अपना परिचय देना अनिवार्य रखा गया है। कार्यक्रम में अन्य प्रदेशों एंव दुरस्थ क्षैत्रों से पहुंचने वाले प्रत्याशियों के लिए संगठन द्वारा पूर्व सुचना पर निःशुल्क आवास व्यवस्था एंव कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाएगी। आपने सभी समाज बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पंजीयन करवाकर अपने समय श्रम एवं धन की बचत कर लाभान्वित होने का आग्रह किया है। प्रत्याशियों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया बेहद सरल एवं सुविधा जनक हे घर बैठे ही आनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है तथा संगठन केहेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्स एप कर अपना परिचय देकर परिचय सम्मेलन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है जिससे सुविधा जनक घर बैठे पंजीयन करवाया जा सकता है।

# दिल्ली में सम्मानित हुई आष्टा की बेटी दीपा श्रीवास्तव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सशक्त महिला पुरस्कार से नवाजे गए विभिन्न राज्यों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सात महिलाओं को रोहिणी सेक्टर 8 में महाराजा अग्रसेन भवन में सशक्त महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्यादान फाउंडेशन संस्थापक और अध्यक्ष ऋषि सरदाना और उपाध्यक्ष करण बाली के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि श्री योगेंद्र चंदोलिया, सांसद अति विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र गुप्ता, रोहिणी एसीपी दिनेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गुलाटी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मधु दास, कोषाध्यक्ष अंजू तोमर,जिला अध्यक्ष अजीता सिंह, अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। संस्थापक ऋषि सरदाना सर द्वारा कन्यादान फाउंडेशन की बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव को, उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए महिलाओं को बच्चेदानी के कैंसर जैसी बीमारी से बचाव व रोकथाम के प्रति जागरूक करने महिला सशक्तीकरण स्वस्तीकरण पर कई महिलाओं को रोजगार देखकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए वूमेन एंपावर्ड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। साथ ही टीम लीडर सुषमा परमार, सोनिका परमार, प्रियंका शर्मा पुरोहित, ज्योति द्विवेदी, आशा खान को भी सम्मानित किया गया। आयोजन 29 से 30 जून तक 2 दिवस आयोजित किया गया था। संस्था की समस्त नारी शक्तियों ने उन्हें बधाई संदेश दिया और अपनी बिजनेस हेड की प्रशंसा की महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थीकरण के क्षेत्र को ओर बेहतर बनाने के लिए संस्था के संस्थापक, बिजनेस हेड और टीम द्वारा नए प्रोडक्ट मायजो कन्या बायोडिग्रेडेबल अनियन नैपकिन का लॉन्चिंग किया गया।

### दीक्षारंभ समोराह में विद्यार्थियों को किया जागरूक



**आष्टा।** शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में दीक्षारंभ समोराह के तृतीय दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक डॉ. बेला सुराणा द्वारा विद्यार्थी जीवन एवं सहायता प्रणाली, सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियां परिचय व मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अवगत कराया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा द्वारा महाविद्यालय में संचालित युवा उत्सव, स्नेह सम्मेलन, खेल व फिटनेस गतिविधियां, विद्यार्थी क्लब और छात्रावास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। डॉ. अबेका खरे द्वारा सायबर क्राईम, बौद्धिक सम्पदा, सूचना का अधिकार पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया गया। हरीओम मेवाड़ा द्वारा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न छात्रवृत्तियों प्रतिभा किरण गांव की बेटी आवास योजना पोस्ट मेट्रिक मेघावी आदि योजनाओं से अवगत कराया। डॉ. बेला सुराणा द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्य, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पिड़न के अंतर्गत विद्यार्थियों का जागरूक किया गया। कु. शिवानी मालवीय द्वारा अपना सम्पूर्ण ध्यान अध्ययन करने हेतु लगाने के लिए किया गया। बताया गया कि अपना संपूर्ण ध्यान प्रतियोगिता परीक्षाओं की और लगायें न कि पढ़ाई के दौरान जॉब करें।

# रेहटी में निकली भगवान जगदीश की रथ यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा नगर रेहटी में भव्य जगदीश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु सहित महिला पुरुष एवं नगर रेहटी के लोग शामिल हुए। भगवान जगदीश की रथ यात्रा नगर रेहटी के पुराने बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई यहां पर भगवान की आरती के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। रथ यात्रा नगर रेहटी के मुख्य मार्ग से निकली जहां-जहां से यात्रा निकली वहां पर सामाजिक एवं अन्य संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती युवा संगठन द्वारा या रथ यात्रा का आयोजन द्वितीय वर्ष किया गया था पूरे नगर रेहटी चारों ओर लोग ही लोग नजर आ रहे थे और लोग घर ऑन की छत से गैलरी में से रथ यात्रा देख रहे थे रथ यात्रा जैसे ही शुरू हुई ढोल बाजे डीजे पर युवा नृत्य करते हुए भगवान जगदीश का जयकारक कर रहे थे वहीं अखाड़े के लोगों ने भी हैरत करने वाले प्रदर्शन यहां पर किया। रथ पर भगवान जगदीश की मूर्ति विराजमान थी तो वही एक ट्रैक्टर ट्राली पर हनुमान जी महाराज की सुंदर झांकी भी मौजूद रही जो आकर्षण का केंद्र रही। रथ यात्रा की तैयारी अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती युवा संगठन द्वारा काफी दिनों पहले से की जा रही थी जिसमें आसपास के क्षेत्र सहित पूरे जिले भर के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। यात्रा का समापन राधा कृष्ण मंदिर पर भगवान की महा आरती के साथ हुआ।

# पुस्तकों से प्यार करोगे तो जीवन में सफल रहोगे: डॉ. दीप्ति चौरसिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय स्नातक महाविद्यालय इछावर में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अंतिम दिन बुधवार को विद्यार्थियों ने पुस्तकालय की कार्य पद्धति को विस्तार से समझा। इस दौरान पुस्तकालय विभाग से डॉ. दीप्ति चौरसिया ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय के प्रकार और ई.ग्रंथालय के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने कहा कि पुस्तकों से प्यार करोगे तो जीवन भर सफल रहोगे। आप पुस्तकालय में प्रतिदिन जरूर आईये और पुस्तकालय, वाचनालय की उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर के साथ सुविचार भी जरूर लिखे। पुस्तकालय प्रभारी डॉक्टर कलावती गडरिया ने विद्यार्थियों के मध्य अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुस्तकों को महत्व देंगे तो पुस्तके आपका महत्व बढ़ाएंगी। प्राचार्य डॉक्टर सुनीता यादव हिंदी विभाग किताबें मनुष्य को मानसिक और भावनात्मक रूप से बढ़ाने में मदद करती है। अंग्रेजी विभाग के डॉक्टर शरद मेश्राम ने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। ग्रंथपाल डॉक्टर दीप्ति चौरसिया ने पुस्तकें जारी कराने की प्रक्रियाए नियम आदि को समझाया।

साथ ही अनुसूचित जाति जनजाति के लिये संचालित निःशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी योजना को विस्तार से बताया गया। एनईपी युवा सारथी बीए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा शिवानी मालवीय, मंजू वर्मा, रोहित प्रजापति ने विद्यार्थियो के साथ विषय चयन और कक्षा में अपने अनुभवों को साझा किया। वाणिज्य संकाय सीताराम विश्वकर्मा, अरविंद बेस ने वाणिज्य विषय का महत्व विद्यार्थियों को समझाया। इसके साथ ही इतिहास विभाग के डॉक्टर विमल तिवारी ने विद्यार्थियों को इतिहास के महत्व के बारे में समझाया। समाजशास्त्र विभाग से राजेश अहिरवार ने समाज वर्ग के बारे साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया। महाविद्यालय के कार्यालय में स्टाफ महेंद्र राव, अभिषेक गुप्ता, जितेंद्र मालवीय ने भी शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए एकीकृत छात्रवृति के बारे में विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को ई.प्रवेश में विषय चयन के लिए हेल्प डिक्स के माध्यम से होने वाली गलतियों के बारे में भी समझाया।

छात्रवृति के ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा आवेदन की प्रक्रियाए टीसी आदि को विस्तार से समझाया। राजनीति विज्ञान के डॉ. कलावती गडरिया विद्यार्थियों को राजनीति विज्ञान विषय के महत्तव और राजनीति विज्ञान में रोजगार के अवसरों को विद्यार्थियों को समझाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में नव प्रवेशित दो विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। अंग्रेजी विभाग के डॉ शरद मेश्राम ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक और बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंत्री के निर्देश पर घुम्मकड़ वर्ग की महिला को तुरंत मिली स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



घुमक्कड़ समाज के हिंगोनी निवासी तहसील श्यामपुर निवासी दीपक की पत्नी को स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दीपक ने बताया कि मेरी पत्नी गर्भवती है और मेरे पास आधार कार्ड नहीं था। जिसके कारण मुझे शासकीय चिकित्सालय से किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। मैं इधर उधर तहसील व शासकीय कर्यालय में भटक रहा हु। घुमक्कड़ वर्ग का होने से बाहर कार्य करने जाने के कारण मेरा आधार कार्ड नहीं बन पाया था और ना ही मेरे पास कोई दस्तावेज थे। आधार कार्ड का हवाला देकर स्वास्थ्य विभाग ने मेरी पत्नी को स्वास्थ्य लाभ देने से मना कर दिया। इसके बाद मैंने भोपाल गोविंदपुरा विधायक घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड़ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर जी को फोन पर अपनी समस्या बताई तो उन्होंने मेरी समस्या को गंभीरता से लेते हुए अपनी सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्होंने तुरंत स्वस्थ विभाग सीहोर को दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद स्वास्थ विभाग ने आनन फानन में मेरे आधार कार्ड बनाने का रास्ता भी प्रशस्त कराया और मेरी पत्नी को स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली सारी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जिसके बाद दीपक ने घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर का आभार प्रकट किया है ।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की बैठक में हुई चर्चा

# बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर सदस्यों ने की रूपरेख पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की प्रखंड बैठक देव बाबा लाखन धाम दरबार में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के बारे में विस्तार से संगठन के युवाओं को समझाया बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 5 अगस्त को सीहोर से मध्य भारत प्रांत की पूरी टीम के साथ मालवा ट्रेन से जम्मू के लिए रवाना होगी।जो जम्मू से होती हुई पूछ सेक्टर में बूढ़ा अमरनाथ दर्शन के पश्चात वापस जम्मू में संपन्न होगी। बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के साथ मठ मंदिरों में संगठन की उपस्थिति में वृक्षारोपण हो, संगठन के माध्यम से सड़क पर चल रही दुर्घटना से गायों की मौत हो रही है उन्हें किस प्रकार बचाया जाए उस पर उत्तराखंड अध्यक्ष लखन सिंह ने भी विस्तार से चर्चा की ,साथ ही सावन मास में कावड़ यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई । और राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में हिंदू को हिंसक बताने पर आपत्ति दर्ज की ओर राहुल गांधी के विरोध में नारेबाजी भी की और घोर निंदा राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की सोच हिंदू विरोधी दर्शाती है। बैठक जावर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पडियार मांगीलाल पडियार की अध्यक्षता में अतिथि जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, की उपस्थिति में संपन्न हुई।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड संयोजक यशवंत सिंह, मंत्री हरेंद्र सिंह ,सह मंत्री यशवंत सिंह,अंकुर बिल्लौरे ,समरसता प्रमुख सुनार सिंह, सुरक्षा प्रमुख अर्जुन सिंह, सत्संग प्रमुख हटे सिंह, सहसंयोजक अर्जुन सिंह कजलास ,खंड अध्यक्ष राम सिंह समरसता, प्रमुख जितेंद्र सिंह ग्वाला, खंड अध्यक्ष बहादुर सिंह,जावर नगर उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर ,नगर मंत्री राकेश धंधाल बैठक में खंड प्रमुख एवं इकाई अध्यक्ष के साथ ग्राम कजलास, ग्वाला,कुंडिया,सेठ गुराडिया, मेंहतवाड़ा, जिकड़ी, स्माइल खेड़ी , कुंडिया धागा एवं जावर के संगठन के सदस्य सम्मिलित थे कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री हरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

# ब्रिज के दोनों तरफ की सर्विस रोड हो रही जर्जर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्यामपुर ब्रिज की दोनों तरफ सर्विस रोड जर्जर हो रहा है। जिस कारण जाम की स्थिति भी आए दिन बनी रहती है। कई बार ठेकेदारों को फोन के जरिए मामला बताया लेकिन ठेकेदार संजय प्रधान के द्वारा इस और कोई ध्यान ही नहीं दिया। जब भी ठेकेदार से ग्रामीणों की बात होती है तो ठेकेदार के द्वारा आश्वासन दिया जाता है कि एक या दो रोज में रोड को रिपेयर किया जाएगा। लेकिन ना तो रोड रिपेयर किया जाता है और ना ही निर्माण कार्य का रूप दिया जाता है।ब्रिज के दोनों तरफ जो लाइट लगाई गई है वह भी ज्यादातर बंद ही रहती है। श्यामपुर बस स्टैंड पर जो ब्रिज बना हुआ है ब्रिज के दोनों तरफ रोड की जर्जर स्थिति इतनी है कि पैदल निकलने वाले व्यक्तियों को भी कीचड़ में से ही गुजरना पड़ रहा है। से संबंधित अधिकारियों का भी ईस और ध्यान नहीं है।


# 16 साल से अटैचमेंट पर चला अधिकारियों का हथौड़ा, डॉ कठेरिया हुए कार्यमुक्त

## वहीं सीएमएचओ ने गर्भस्थ महिलाओं के इलाज को ध्यान में रखते हुए डॉ स्वाती को नहीं किया रिलीव

## 2 जुलाई को रिलीव होने के बाद भी गुरूवार को जिला मुख्यालय के उपस्थिती रजिस्टर में कर दिए थे हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिला चिकित्सालय में बने रहने के लिए डॉ राजेन्द्र कठेरिया के सभी प्रयासों पर विराम लग चुका है। अब उनके पास खुजनेर जाने के अलावा कोई और उपाय नहीं बचा है। सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा पहले ही इनको मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश जारी कर चुकी थीं और अब रही सही कसर 2 जुलाई को जारी सिविल सर्जन के कार्यमुक्त आदेश ने पूरी कर दी। 2 जुलाई को सिविल सर्जन के द्वारा जारी आदेश में साफ साफ कहा गया है कि डॉ राजेन्द्र कठेरिया एमएस सर्जन को उनकी मूल पदस्थापना स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में कार्य किए जाने के लिए कार्यमुक्त किया जाता है।



कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक/अ.प्र./2024/2391 राजगढ़ दिनांक 2/07/2024

आदेश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ के आदेश क्रमांक/स्था.जी/2024/6286 राजगढ़ दिनांक 22/06/2024 द्वारा डॉ. राजेन्द्र कुमार कठेरिया, एम.एस. चिकित्सा अधिकारी को उनकी मूल पदस्थापना स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर में कार्य किये जाने हेतु दिनांक 02/07/2024 को कार्यमुक्त किया जाता है।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़ म.प्र.

पृ.क्रमांक/अ.प्र./2024/2392 राजगढ़ दिनांक 2/07/2024

प्रतिलिपिः-
1 आयुक्त स्वास्थ्य सेवाये संचालनालय स्वास्थ्य सेवाये भोपाल म.प्र.।
2 क्षेत्रीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाये भोपाल संभाग भोपाल।
3 कलेक्टर जिला राजगढ़।
4 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़।
5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर।
6 श्री राजेन्द्र कठेरिया, एम.एस.।
7 लेखा/वेतन शाखा।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़ म.प्र.

02-07-24



16 साल बाद डॉ कठेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी

खबर का असर

शासन के सख्त आदेशों के बाद किन अधिकारियों ने और क्यों नहीं किया था संबंधित डॉक्टर का संलग्नीकरण खत्म, मूल पदस्थापना पर एमएस डॉ के अभाव में वर्षों से परेशान हो रहे हैं मरीज

आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां कमिश्नर व कलेक्टर के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

जिला चिकित्सालय के डॉक्टर लगा चुके हैं कठेरिया पर भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि ने कई बाद उठाया था जिला अस्पताल में अटैचमेंट का मुद्दा

वर्षों से जमे हुए हैं सरकारी आवास पर

इनका कहना है

**खबर का असर**

### कभी अधिकारी तो कभी नेताओं के फोन आने की कहते रहे बात

सूत्रो की माने तो डॉ कठेरिया रिलीव न होने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कभी कलेक्टर हर्ष दीक्षित तो कभी नाम न बताकर बडे नेताओं के फोन आने की कहकर मानसिक दबाव बनाते नजर आए। यहां तक की अपने कुछ लोगों को उकसा कर ब्हाट्सएप गुरपों पर अपने बारे में पॉजीटिव माहौल बनाने की कोशिश भी की गई जिससे वरिष्ठ अधिकारियों की निगाह में अपनी उपयोगिता बताकर जिला मुख्यालय पर रूकने का माहौल बनाया जा सके।

### काम की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए डॉ स्वाति को नहीं किया कार्यमुक्त

सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने जिला मुख्यालय पर महिला विंग में काम करने वाली डॉ स्वाती किरार को जरूरत के हिसाब से कार्यमुक्त नहीं किया। इस पर सीएमएचओ का कहना है कि जिला मुख्यालय पर महिला विंग में बहुत जरूरत है इसलिए डॉ स्वाती का कार्यमुक्त अभी नहीं किया जा सकता। यहां पर एक बात तो स्पष्ट हो गई की डॉ राजेन्द्र कठेरिया की जिला मुख्यालय पर भी कोई जरूरत नहीं है। ऐसे में उन्हें अपने मूलपदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य कंद्र पर जाकर ग्रामीण अंचल के लोगों को सेवाएं देना चाहिए।

### हटने से कई मामले उजागर होने का है डर

डॉ कठेरिया क्यों जिला मुख्यालय नहीं छोड़ना चाहते। इसके पीछे सूत्र बताते हैं कि कई राज है जो इनके कार्यकाल में उजागर नहीं हो पाए वह खुलने के डर से शायद जिला मुख्यालय पर ही बने रहना चाहते है। उल्लेखनीय है कि डॉ माथुर ने भी पूर्व में इन्हीं सम्मानीय डॉ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

### 2 जुलाई को कार्यमुक्त होने के बाद भी 4 जुलाई को कर दिए स्टॉफ रजिस्टर पर हस्ताक्षर

हालात यह है कि 2 जुलाई को डॉ कठेरिया कार्यमुक्त हो जाने के बाद भी जिला मुख्यालय का मोह नहीं छोड पा रहे। 16 साल तक बेहिसाब सुख भोगने बाले डॉ कठेरिया यह भूल गए की अब उनको जिला अस्पताल से कार्यमुक्त कर दिया है फिर भी 4 जुलाई को स्टॉफ उपस्थिती रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर कर दिए।

### इनका कहना है

हां डॉक्टर कठेरिया को कार्यमुक्त कर दिया गया है। और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर जाकर सेवाएं देने को आदेश जारी किया जा चुका है।

**डॉ किरण वाडीवा,**
सीएमएचओ जिला राजगढ़

# मेन मार्केट में कहीं गड्ढे, कहीं डामर तो कहीं सीसी का पेबंद

## बिरसामुंडा चौक से जय स्तंभ तक की सड़क का ही भिजवाया प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

वर्तमान नगर पालिका परिषद के पूर्व की परिषद के जिम्मेदारों ने नगरीय विकास के जुड़े कार्यों में आगे की सोच के हिसाब से काम नहीं किया। यही कारण है कि पूर्व के कुछ निर्णय अब वर्तमान में नगरवासियों की पीड़ा के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं।

पूर्व की परिषद के समय बिरसा मुंडा चौराहे से लेकर रानी लक्ष्मी चौक तक की सड़क के डामरीकरण का प्रस्ताव संचालनालय को भिजवाया गया था। उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त बजट आया और कुछ महीनों पूर्व मेन मार्केट की आधी सड़क बनवा भी दी गई। लेकिन, अब बाकी की सड़क जिसके लिए भी प्रस्ताव भिजवाया जाना चाहिए था। वह वर्तमान में बेहद उबड़-खाबड़ हालात में है। राहगीरों सहित वाहन चालकों को इससे खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### यह होना था

राजगढ़ शहर का मुख्य मार्ग बिरसा मुंडा चौक से शुरू होकर किला क्षेत्र तक पहुंचता है। उक्त सड़क के लिए जो प्रस्ताव बनवाया गया था वह आधी सड़क के लिए ही था। रानी लक्ष्मी चौक के दोनों तरफ की सड़कों (पारायण चौक, शिवजी की छतरी) हेतु कोई प्रस्ताव न तो पूर्व में भिजवाया गया न ही वर्तमान में इसके बारे में सोचा जा रहा है। ऐसे में उबड़-खाबड़ हो चुकी सड़क से आमजनों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

**परिवहन विभाग की कार्रवाई**

# स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस बीमे के कागजात किए चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निर्देशानुसार आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग की। इस दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, अग्निशमन यंत्रों इत्यादि को चेक किया गया। इसके साथ ही शासन की तमाम गाईड लाईनों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इस बात को चेक किया गया।




स्कूली बसों के साथ ही परिवहन टीम ने बस स्टैंड पर यात्री बसों के साथ ही अन्य वाहनों को चेक किया। यात्री बसों के चालकों को समझाइश दी गई कि वर्षाकाल में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाएं। पुल, पुलियाओं पर पानी होने की दशा में खतरा उठाकर वाहन न निकाला जाए। इस दौरान एक यात्री बस पर चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग में टीम में प्रधान आरक्षक रमेश बाबू खरे, आरक्षक संदीप कुशवाह, राजदेव शर्मा, प्रेमनारायण कुरैचया, छोटेलाल जाटव सहित होमगार्ड के आरक्षक उपस्थित थे।

**कालीपीठ के फ्यूचर मेकर एकेडमी स्कूल का मामला**

# शिक्षकों से अध्यापन करवाया लेकिन नहीं दिया बकाया वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले की विभिन्न अशासकीय स्कूलों द्वारा शिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाहियों के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसे ही एक मामले में राजगढ़ ब्लॉक के कालीपीठ स्थित एक निजी स्कूल ने अपने यहां शिक्षकों से अध्यापन कार्य तो करवा लिया लेकिन उनकी कुछ महीनों की तनख्वाह नहीं दी। स्कूल संचालक को बहुत बार अवगत कराने के बाद भी जब इन शिक्षकों को वेतन नहीं मिला तो उन्होंने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में इस बात की शिकायत की है। कालीपीठ में फ्यूचर मेकर एकेडमी नाम से एक निजी स्कूल संचालित है। इस स्कूल के कुछ शिक्षकों शिवानी परमार, सतेंद्र परमार, चंचल मेवाड़ा, बुलबुल मेवाड़ा से प्रबंधन द्वारा शैक्षणिक कार्य करवाया गया। लेकिन, बाद में प्रबंधन ने इनकी कुछ महीनों की तनख्वाह रोक ली। शिक्षकों द्वारा तनख्वा के बारे में पूछे जाने पर प्रबंधन द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। ऐसे में अब इन सभी शिक्षकों ने जिला शिक्षाधिकारी से स्कूल पबंधन की शिकायत करते हुए उनका बकाया वेतन दिलवाने की मांग की है। मामले में डीईओ ने बीआरसी को आगामी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

# पुलिस ने नकबजनी गैंग के 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## चोरी का मशरूका 5 लाख 90 हजार किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

क्षेत्र में घटित हुए नकबजनी व चोरी की घटनाओa का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा अति पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा एसडीओपी सारंगपुर अरविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह वाघेला के नेतृत्व मे सारंगपुर क्षेत्र मे घटित हुए नकबजनी व चोरी की घटनाओं का खुलासा कर टीम का गठन किया गया।

विगत दिनो मे हुई नकबजनी की घटनाओ में घटनास्थलो का बारिकी से निरीक्षण किया गया। सायबर सेल से जानकारी प्राप्त की गई। जानकारी अनुसार 1 जुलाई को फरियादी संतोष पिता बद्रीलाल गुर्जरउम्र 46 साल निवासी भूराखेडी सारंगपुर ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया अज्ञात आरोपी ने मेरे कुए से 05 पन्नी वाला पाईप एवं लोहे की बेलगाडी कीमती 25 हजार चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध क्र 327/24 धारा 379 भादवि का पंजीबद्द कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना के आरोपी मेहमूद लाला पिता स्व. महबूब लाला उम्र 30 वर्ष नि ग्राम भूराखेडी की गिरफ्तारी की गयी जिससे हिकमत अमली से पूछताछ की गयी पूछताछ पर आसपास क्षेत्र में रात मे चोरिया करना बताया। महमदू के मोमोरण्डम के आधार पर थाना हाजा की अन्य चोरियां जिनके अपराध क्रंमाक क्रमशः 265/24 धारा 457,380 भादवि व अपराध क्र 327/24 धारा 379 भादवि व अपराध क्र 398ध्24 धारा 379 भादवि में चोरी गये मशरूका के संबंध में अन्य आरोपीयो को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। अपराध क्र 327ध्24 धारा के आरोपी रईश पिता सौराब खांन उम्र 34 वर्ष नि डाबडी का पुरा शुजालपुरा सिटी से एक पुरानी इस्तमाली लोहे की गाडी का ढाचा कीमत 6 हजार व आरोपी मेहमूद लाला पिता स्व. महबूब लाला उम्र 30 वर्ष नि ग्राम भूराखेड़ी से बैलगाडी के लोहे के दो पहिए कीमती करीब 10 हजार को जप्त किया गया। अपराध क्र 398/24 धारा 379 भादवि के आरोपीगण मेहमूद लाला पिता स्व. महबूब लाला उम्र 30 वर्ष,गजराज सिह पिता नारायण सिह गुर्जर उम्र 38 वर्ष नि ग्राम भूराखेडी ,कादर पिता शौकत खां उम्र 30 वर्ष ,अमीर पिता शाबिर खां उम्र 22 वर्ष सर्व नि ग्राम भूराखेडी से 06 विधुत पानी की मोटर कीमती करीब 60000 रू को जप्त कर पुलिस कब्जे लिया गया है अपराध क्र 265/24 धारा 457,380 भादवि के आरोपी इमरान पिता कुर्बान शाह उम्र 34 वर्ष नि गाधी चैक पचोर से एक बिधुत मोटर थ्रेसर की जाली फावडा कीमती करीब 23000 रू व घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी पिकअप जिससे चोरी का सामान ले जाते थे को आरोपी बंसी निवासी तलेनी से जप्त किया गया आरोपीयो को गिरफ्तार न्यायालय सारंगपुर में पेश किया गया है।



# मुक्तिधाम समिति की बैठक हनुमान मंदिर में संपन्न

**सारंगपुर।** मुक्तिधाम समिति की बैठक गत दिवस श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में समिति के गत वर्ष 2023- 2024 के आय व्यय का हिसाब समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट रमेश चंद्रवर्मा ने प्रस्तुत किया और बताया कि वर्ष 2022-2023 का बैंक बैलेंस 8 लाख 34 हजार 200 रूपये था।जनता द्वारा दिये गए दान से ,बैंक ब्याज से एवं लकड़ी बिक्री से कुल 2 लाख 49 हजार 500 रुपए कीवर्ष 2023-2024 में आय हुई। तथा 4लाख 44हजार 485 रुपए हुए व्यय हुआ पिछली एवं वर्तमान बचत सहित कुल राशि 6लाख 39हजार 215 रुपए समिति के बैंक आफ इंडिया शाखा सारंगपुर में बचत खाते में जमा है। वर्ष 2023 -2024 में मुक्तिधाम पर 70 व्यक्तियों का मुक्तिधाम में दाह संस्कार हुआ ।अंत में समिति ने नगर के दानदाता का प्रति आभार व्यक्त किया एवं स्वर्गवासियों को श्रद्धांजलि देकर बैठक का समापन किया। समिति के आय व्यय के लेखा का कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष से संपर्क कर अवलोकन कर सकते है।

**त्रुटियों में सुधार कराने डीईओ को सौंपा ज्ञापन**

# संकुल प्राचार्यों ने वरिष्ठता सूची में छोड़ी कई तरह की त्रुटियां

**राजगढ़।** प्रांतीय शिक्षक संघ के तत्वावधान में गुरुवार दोपहर क्रमोन्नति एवं वरिष्ठता सूची के संबंध में जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र रघुवंशी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि विभाग द्वारा 12 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों की क्रमोन्नति सूची जारी कर दी गई लेकिन अनेकों शिक्षक इससे वंचित रह गए हैं।

अनेकों संकुल प्राचार्यों ने क्रमोन्नति के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को नहीं भेजे हैं जिसके अभाव में आदेश नहीं हो पा रहे हैं। इसी तरह माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में भी नाना प्रकार की त्रुटियां हैं।



ज्ञापन में मांग की गई है कि सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित करें कि त्रुटियां सुधार करने के उपरान्त मावि एवं उमावि शिक्षकों की वरिष्ठता सूची प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को वे भिजवाएं, ताकि वरिष्ठता सूची जारी की जा सके। इस अवसर पर संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, राजकुमार खिंची, रामचरण वर्मा, संजय सिंह, बालचंद दांगी, अनिल नागर, भगवान सिंह राठौर, प्रेमसिंह वर्मा, जुगराज वर्मा, प्रेम सिंह परमार, कमल बासोदिया, गंगाधर वर्मा, अशोक मेहरिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टंकियों की सफाई की स्थिती का जायजा लिया



**ब्यावरा।** जिला अस्पताल राजगढ़ में नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्वयं पानी की टंकियों की सफाई की स्थिती का लिया जायजा।

# गुना के तीन लड़कों ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर की 67 लाख की ठगी, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

गुना जिले के तीन लड़कों ने मुंबई के क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले एक व्यापारी से 67 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की, इसके बाद कोयंबटूर में मामला दर्ज हुआ और वहां की टीम ने धरनावदा पुलिस की टीम के सहयोग से उक्त तीन लड़कों को गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड लेकर तमिलनाडु रवाना हो गई।

धरनावद थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि गुना जिले के रुठियाई व कुंभराज के 3 लड़कों ने मुंबई के साइबर क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के एक व्यापारी को फोन किया कि हम साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई से बोल रहे हैं। तुम्हारे यहां ताइवान से एक लिपो आने वाला है, उसमें आपके विरुद्ध एफआईआर हुई है। आपका जो एक नंबर का पैसा है वह इस खाते में जमा करें। घबराए हुए व्यापारी ने बताए गए खाते पर 67 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर व्यापारी ने मामला दर्ज कराया। फिर तमिलनाडु पुलिस गुना आई और धरनावदा पुलिस का सहयोग लेकर उक्त तीनों आरोपी जो दो रुठियाई के और एक कुंभराज का निवासी है जिनके नाम रवि शर्मा, दूसरा का नाम मुकुल चंदेल, अनिल जाटव है। को धरनावदा पुलिस ने पड़कर तमिलनाडु पुलिस को सौंपा तमिलनाडु पुलिस ने न्यायालय से रिमांड लेकर तीनों को अपने साथ ले गई। यह तीनों आरोपी आपस में मित्र बताए जाते हैं।

**बिछी पाइप लाइन पर नहीं मिल पा रहा सिंचाई के लिए पानी**

# मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के जिम्मेदार नहीं कर रहे जिम्मेदारी से काम, कहीं 2 फिट तो कहीं उससे भी कम पर डाली गई है पाइप लाइन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम करेड़ी में किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में किसानों को अगले साल यानी 2024-2025 में भी नहीं मिल पाएगा। सिंचाई के लिए पानी, क्योंकि जो पाइप लाइन डाली गई है वह 2022 , 2023 में ही डाली गई थी, जो कि 2023 में करेड़ी ग्राम के किसानों को सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया था जो कुछ ही किसनों के खेतों में पहुंच पाया था, क्योंकि सरकार ने जैन कम्पनी को सिंचाई पाइप लाइन का ठेका दे रखा है उसकी जमीनी हकीकत कुछ अलग ही हैं। जिसमें देखने मे यह आया है कि जैन कम्पनी ने ग्रामीण क्षेत्र में जिस किसी भी आदमी के पास जेसीबी मशीन है उसको ही पेटी पर पाईप लाईन डालने का ठेका दे दिया। जिसमे न तो कोई अनुभवी कर्मचारी है न विभाग के आधिकारी मौके पर जाकर काम को देख रहे हैं। यही कारण है कि प्रशासन के नियम अनुसार पाइप लाइन को कम से कम 3 फिट गहरी जमीन के अंदर डालनी है पर कही पर 2 फिट तो कही पर 1.6 फिट गहरी डाल ही है जो आज के समय मे किसानों ने आपने खेतो में गहरी जुताई की है जिसमें ही उखड़ गई।

### इनका कहना है...

पाइप लाइन का काम अलग अलग फेज में चल रहा है, जिसके कारण पानी की सप्लाई प्रापर नहीं मिल पर रही है। सभी को नवंबर तक पानी की सप्लाई दे दी जाएगी।

**नाईशा केडियम,** एसडीओ जल संसाधन विभाग राजगढ़

### करेडी में 3 जोन में डाली गई है पाइप लाइन, फिर भी पानी नहीं

करेड़ी में तीन जॉन में लाईन डली है जोन नम्बर 33 ,34,35 नम्बर है। पिछले वर्ष भी तीनों जोन में सही से पानी सप्लाई नही हुआ था किसानों ने सिंचाई के लिये विभाग के अधिकारी से कही बार इन तीनो लाईन के बारे में शिकायत की है कि आपके ठेकेदार ने जो पाईप लाईन डाली है वह कही पर तो ओपन ही छोड़कर चले गए हैं, कहीं पर जेड मैक्स जो है उसको मेन लाईन से ही नही जोड़ा गया है। जिससे हमें पानी नही मिल पा रहा है कहि पर लाईन डैमेज पड़ी है जो आज तक नही जोड़ी है। अब किसानों की चिंता यह है कि यह समय लाईन सही करने का था पर न तो कोई आधिकारि किसानों की समस्या सुनता है न 181 पर की गई शिकायत में भी आज दिनांक तक कोई हल निकल रहा है। किसानों को पिछले साल यह कह कर डाल दिया था कि इस बारे हम केवल पाईप लाईन को टेस्ट कर रहे है जैसे ही आप लोगों की फसल कटाई हो जायेगी हम सभी पाईप लाईनों को सही करवा देंगे। जबकि किसान महेंद्र सिंह ,श्याम सिंह का कहना है कि हमारे खेत मे जो पाईप लाईन डाली गई है उसका मेन लाईन में ठेकेदार ने कनेक्शन ही नही किया गया है मेरे खेत मे जो जेड मैक्स वाल लगा है उससे 5 पाईप लाईन जाती है जो लगभग 100 बीघा जमीन में फैली है पर उसमें पिछले साल भी पानी नही मिला है ओर इस वर्ष भी अभी तक पाईप लाईन को नही जोड़ा है हमने कहि बार इस बारे में शिकायत की है पर हर बार केवल यही आश्वसन मिलता है कि जोड़ देंगे पर आज तक नही जोड़ी गई है लाईन जबकि सरकारी आंकड़े में विभाग की ओर से ठेकेदार को पाइप लाइनों का पैसा मिल चुका है। जबकि जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है न तो विभाग के उच्च अधिकारी फील्ड में जाते है न इंजीनियर जाते है। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी व ठेकेदारों की मिली भगत से करोड़ों रुपये का भ्रष्ट्राचार किया गया है। न तो पाईप लाईनों को सही से जोड़ा जा रहा है न ही किसानों की समस्या को सुना जा रहा है। अब बारिश होने वाली है पर आज तक पिछले साल की डैमेज पाईप लाईनों को सही नही किया गया है कैसे हमे अगले साल रबी फसल में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।